हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

बुलेटिन- भाग-2

(संसदीय एवं अन्य विषयों सम्बन्धी सामान्य सूचना)

शुक्रवार,20 फरवरी,2015/1 फाल्गुन,1936 (शक्)

संख्या : 242

सुरक्षा व्यवस्था हेतु पग

माननीय सदस्यों की सुविधा एवं सुरक्षा कि दृष्टि से सुव्यवस्था बनाए रखने हेतु कारगर पग उठाने अनिवार्य हो गए हैं ताकि किसी प्रकार की कोई क्षति किसी को ने पहुंचे। अतः सुरक्षा व्यवथा सुदृढ़ कर दी गई है एवं माननीय सदस्यों सं अनुरोध है कि आगामी सत्र की अवधि के दौरान विधान सभा परिसर में अवांछित भीड़ को रोकने के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अनुकम्पा करें। इस हेतु समस्त माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि विधान सभा की दर्शक दीर्धाओं में प्रतिदिन तीन से अधिक आगन्तुकों के प्रवेश हेतु प्रपत्र हस्ताक्षर/अनुमोदित न करें। साथ ही विभिन्न पार्टियों के सदस्यों हेतु विधान सभा में आबंटित कक्षों के अन्दर किसी आगन्तुक को सत्र के दौरान न तो प्रवेश के लिए कहें और न ही उन स्थानों में बैठाएं ताकि सुरक्षा बनाए रखने में किसी भी प्रकार की बाधा न हो।

सचिव,
हिमाचल प्रदेश विधान सभा।